# हिंदी लेखिका गगन गिल को साहित्य अकादमी पुरस्कार

नई दिल्ली : साहित्य अकादमी ने अकादमी पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। हिंदी में 'मैं जब तक आई बाहर' कविता संग्रह के लिए गगन गिल को और अंग्रेजी में उपन्यास स्पिरिट नाइट्स के लिए ईस्टरिन किरे को पुरस्कार मिला है। • पेज 13

# गगन गिल को मिला साहित्य अकादमी पुरस्कार

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : साहित्य अकादमी ने वर्ष 2024 के अकादमी पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। हिंदी में 'मैं जब तक आई बाहर' कविता संग्रह के लिए गगन गिल को और अंग्रेजी में उपन्यास स्पिरिट नाइट्स के लिए ईस्टरिन किरे को यह पुरस्कार मिला है।

अकादमी के सचिव के. श्रीनिवास राव ने बताया कि पुरस्कार 21 भाषाओं के लिए घोषित किए गए हैं। इनमें आठ कविता संग्रह, तीन उपन्यास, दो कहानी संग्रह, तीन निबंध, तीन साहित्यिक आलोचना, नाटक और शोध की पुस्तक शामिल हैं। बांग्ला, डोगरी और उर्दू में पुरस्कारों की घोषणा बाद में की जाएगी। ये पुरस्कार एक जनवरी 2018 से 31 दिसंबर 2022 तक के दौरान पहली बार प्रकाशित पुस्तकों को दिए गए हैं। नई दिल्ली स्थित कमानी आडिटोरियम में आगामी आठ मार्च को आयोजित समारोह में इन लेखकों को पुरस्कार स्वरूप उत्कीर्ण ताम्रफलक, शाल और एक लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे। श्रीनिवास राव ने बताया कि अकादमी अगले साल से पुरस्कारों के लिए विज्ञापन जारी कर रचनाकारों से आवेदन आमंत्रित करेगी। रचनाकार की ओर से प्रकाशक या उनका कोई शुभचिंतक भी आवेदन कर सकेगा।

संबंधित खबरें ›› जागरण सिटी



गगन गिल
● जितेंद्र सिंह



ईस्टरिन किरे ●

- साहित्य अकादमी ने वर्ष 2024 के लिए अंग्रेजी में ईस्टरिन किरे को दिया पुरस्कार
- अकादमी के सचिव ने कहा, अगले वर्ष से पुरस्कार के लिए आवेदन मांगेगी अकादमी

## इस भाषा के लिए इनको पुरस्कार

| भाषा | पुस्तक एवं विधा | लेखक |
|---|---|---|
| मैथिली | प्रबंध संग्रह, (निबंध) | महेंद्र मलंगिया |
| संताली | सेचड सावंता रेन अंधा मनमी (नाटक) | महेश्वर सोरेन |
| पंजाबी | सुन गुणवंता, सुन बुद्धिवंता : इतिहासनामा पंजाब (कविता) | पाल कौर |
| संस्कृत | भास्करचरितम् (कविता) | दीपक कुमार शर्मा |
| कश्मीरी | साइकेट्रिक वार्ड (उपन्यास) | सोहन कौल |
| असमिया | फरिंगबोर बटोर कथा जाने (कविता) | समीर तांती |
| बोडो | सोराने थखाय (उपन्यास) | अरन राजा |
| गुजराती | भगवान–नी वातो (कविता) | दिलीप झावेरी |
| कन्नड़ | नुडिगाला अलिवु (आलोचना) | केवी नारायण |
| कोंकणी | रंगतरंग (निबंध) | मुकेश थली |
| मलयालम | पिंगलकेशिनी (कविता) | के जयकुमार |
| मणिपुरी | मैनू बोरा नुंगशी शिरोल (कविता) | हाओबम सत्यबती देवी |
| मराठी | विंदांचे गद्यरूप (आलोचना) | सुधीर रसाल |
| नेपाली | छिचिमिरा (कहानी) | युवा बराल |
| ओड़िआ | भूति भक्ति बिभूति (निबंध) | बैष्णब चरण सामल |
| राजस्थानी | गांव अर अम्मा (कविता) | मुकुट मणिराज |
| सिंधी | पूर्जों (कहानी) | हूंदराज बलवाणी |
| तमिल | तिरुनेलवेली एजुकियम वावूसीयम 1908 (शोध) | एआर वेंकटचलपति |
| तेलुगु | दीपिका (साहित्यिक आलोचना) | पेनुगोंडा लक्ष्मीनारायण |